राम नाम अति मीठा है

राम नाम अति मीठा है कोई गाके देखले,
आजा तेरे राम कोई वुलाके देखले,

जिस घर में एहन्कार वहा मेहमान कहा से आये,
जिस मन में अभिमान वाहा भगवान कहा से आये,
अपने मन मंदिर में जोत जगा के देखले,
आजा तेरे राम कोई वुलाके देखले......

आधे नाम पे आ जाते कोई भूलने वाला,
बिक जाते है राम कोई हो मोल चुकाने वाला,
कोई शबरी झूठे बेर खिलाके देखले,
आजा तेरे राम कोई वुलाके देखले.......

मन भगवान का मंदिर है यहाँ मैल ना आने देना,
हीरा जनम अनमोल मिला है व्यर्थ गवा न देना,
शीश झुके और प्रभु मिले झुका के देखले,
आजा तेरे राम कोई वुलाके देखले,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3909/title/ram-naam-aati-mitha-hai-koi-gaake-dekhle-aaja-tere-ram-koi-bhulake-dekhle

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |